# झारखण्ड सरकार,
## कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
### –:: अधिसूचना ::–

राँची, दिनांक–

**संख्या–10/सा०अव०–03–02/2024 का०–** भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–20–25–56–पर्व–1, दिनांक–8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26–1881 की धारा–25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2025 में संलग्न अनुसूची–1 में अंकित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं।

2. वर्ष 2025 में संलग्न अनुसूची–2 में अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–41/2/98 बी०ओ० II दिनांक–09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक–1/22/2012–बी०ओ०-II दिनांक–09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881)–26–1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2025 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची–3 में अंकित बैंक वार्षिक लेखा बंदी अवकाश घोषित करते हैं।

**टिप्पणी:**–i. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

ii. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

iii. अनुसूची–3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

**झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,**

ह०/–
(आसिफ हसन)
सरकार के संयुक्त सचिव।

**ज्ञापांक–10/सा०अव०–03–02/2024 का०–6776** राँची, दिनांक–**14.10.2024**

**प्रतिलिपि**– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्र०सु० तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

14/10/2024
सरकार के संयुक्त सचिव।

# अनुसूची–1

## वर्ष 2025 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत घोषित अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1946/1947) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाशिवरात्रि | 26 फरवरी | फाल्गुन – 07 | बुधवार | 1 |
| 2. | होलिका दहन | 13 मार्च | फाल्गुन – 22 | गुरूवार | 1 |
| 3. | होली | 14 मार्च | फाल्गुन – 23 | शुक्रवार | 1 |
| 4. | ईद– उल– फितर | 31 मार्च | चैत्र – 10 | सोमवार | 1 |
| 5. | सरहुल | 01 अप्रैल | चैत्र – 11 | मंगलवार | 1 |
| 6. | महावीर जयंती | 10 अप्रैल | चैत्र – 20 | गुरूवार | 1 |
| 7. | अम्बेदकर जयंती | 14 अप्रैल | चैत्र – 24 | सोमवार | 1 |
| 8. | गुड फ्राईडे | 18 अप्रैल | चैत्र – 28 | शुक्रवार | 1 |
| 9. | बुद्ध पूर्णिमा | 12 मई | वैशाख – 22 | सोमवार | 1 |
| 10. | ईद–उल–जुहा (बकरीद) | 07 जून | ज्येष्ठ – 17 | शनिवार | 1 |
| 11. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | श्रावण – 24 | शुक्रवार | 1 |
| 12. | जन्माष्टमी | 16 अगस्त | श्रावण – 25 | शनिवार | 1 |
| 13. | करमा पूजा | 03 सितम्बर | भाद्र – 12 | बुधवार | 1 |
| 14. | मिलाद–उन–नबी या ईद – ए – मिलाद (पैग़म्बर मोहम्मद का जन्म दिवस) | 05 सितम्बर | भाद्र – 14 | शुक्रवार | 1 |
| 15. | महाअष्टमी | 30 सितम्बर | आश्विन – 08 | मंगलवार | 1 |
| 16. | महानवमी | 01 अक्टूबर | आश्विन – 09 | बुधवार | 1 |
| 17. | महात्मा गाँधी का जन्म दिवस / विजयादशमी | 02 अक्टूबर | आश्विन – 10 | गुरूवार | 1 |
| 18. | दीपावली | 20 अक्टूबर | आश्विन – 28 | सोमवार | 1 |
| 19. | सूर्य षष्ठी डाला छठ (सायं अर्ध्य) | 27 अक्टूबर | कार्तिक – 05 | सोमवार | 1 |
| 20. | सूर्य षष्ठी डाला छठ (प्रातः अर्ध्य) | 28 अक्टूबर | कार्तिक – 06 | मंगलवार | 1 |
| 21. | गुरूनानक जयंती | 05 नवम्बर | कार्तिक – 14 | बुधवार | 1 |
| 22. | क्रिसमस | 25 दिसम्बर | पौष – 04 | गुरूवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 22 |

टिप्पणीः–गणतंत्र दिवस–26 जनवरी, राम नवमी – 06 अप्रैल एवं मुहर्रम–06 जुलाई को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

# अनुसूची–2

## वर्ष 2025 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1946/1947) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मकर संक्राति/सोहराय | 14 जनवरी | पौष – 24 | मंगलवार | 1 |
| 2. | सुभाष चन्द्र बोस जयंती | 23 जनवरी | माघ – 03 | गुरूवार | 1 |
| 3. | संत रविदास जयंती | 12 फरवरी | माघ – 23 | बुधवार | 1 |
| 4 | सरहुल (फुलखोंसी) | 02 अप्रैल | चैत्र – 12 | बुधवार | 1 |
| 5. | मजदूर दिवस | 01 मई | वैशाख – 11 | गुरूवार | 1 |
| 6. | रथ यात्रा | 27 जुन | आषाढ़ – 06 | शुक्रवार | 1 |
| 7. | हुल दिवस | 30 जुन | आषाढ़ – 09 | सोमवार | 1 |
| 8. | विश्व आदिवासी दिवस/ रक्षा बंधन | 09 अगस्त | श्रावण – 18 | शनिवार | 1 |
| 9. | गणेश चतुर्थी | 27 अगस्त | भाद्र – 05 | बुधवार | 1 |
| 10. | करमा पूजा (फुलखोंसी) | 04 सितम्बर | भाद्र – 13 | गुरूवार | 1 |
| 11. | विश्वकर्मा पूजा | 17 सितम्बर | भाद्र – 26 | बुधवार | 1 |
| 12. | शारदीय नवरात्र/कलश स्थापन | 22 सितम्बर | भाद्र – 31 | सोमवार | 1 |
| 13. | दशहरा (महासप्तमी) | 29 सितम्बर | आश्विन – 07 | सोमवार | 1 |
| 14. | गोर्वधन पूजा | 22 अक्टूबर | आश्विन – 30 | बुधवार | 1 |
| 15. | भैया दुज/चित्रगुप्त पूजा | 23 अक्टूबर | कार्तिक – 01 | गुरूवार | 1 |
| 16. | भगवान बिरसा मुण्डा जयंती/राज्य स्थापना दिवस | 15 नवम्बर | कार्तिक – 24 | शनिवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 16 |

**टिप्पणीः–बसंत पंचमी–02 फरवरी को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस हो, वहाँ उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।**

# अनुसूची–3

वर्ष 2025 में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1946/1947) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंक लेखा की वार्षिक बंदी | 01 अप्रैल | चैत्र – 11 | मंगलवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 01 |